**दिनांक–20.09.2024 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त संचालित 18 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–20.09.2024 को श्रीमती जे0 प्रियदर्शिनी, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पदस्थापित विभिन्न प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त संचालित राज्य के 18 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ 2024 में द्वितीय चरण में प्रारंभ किए गए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में सर्वप्रथम सर्वेक्षण पूर्व किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त प्रगति निम्नवत पाई गई :–

**प्रपत्र - 1**

**विशेष सर्वेक्षण् एवं बन्दोबस्त से संबंधित कार्य की दैनिक प्रगति प्रतिवेदन**

**सर्वे प्रारंभ किये गये 18 जिले फेज-1 + फेज- 2 से संबंधित ग्रामों का इस प्रपत्र के अनुसार विवरण**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र–1 की स्थिति | | संबंद्ध राजस्व ग्रामों की संख्या | R2R में संबंद्ध राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | ग्राम सभा कैलेण्डर की स्थिति | | | स्वघोषणा की स्थिति | | | | | भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–5 में प्रविष्टि की स्थिति | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–1 में उद्घोषणा किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–1 भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में Upload किया गया | | R2R सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं होने वाले राजस्व ग्रामों का संख्या | R2R सॉफ्टवेयर संबंद्ध किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | R2R सॉफ्टवेयर में दुबारा प्रदर्शित होने वाले राजस्व ग्रामों का संख्या | कैलेण्डर के अनुसार कुल ग्राम सभा की संख्या | सम्पन्न हुए कुल ग्राम सभा की संख्या | अपलोडेड ग्राम सभा की संख्या | रैयत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कराये गये स्वघोषणा की संख्या | रैयत द्वारा ऑफलाइन के माध्यम से शिविर में उपलब्ध कराये कुल स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड किये गये स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या जिसे अपलोड नहीं किया गया है। (15-16) | शिविर में ऑन लाईन एवं ऑफलाईन अपलोडेड कुल स्वघोषणा की संख्या (14+16) | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 1 | रोहतास | 19 | 2101 | 1958 | 1958 | 1926 | 1912 | 46 | 46 | 0 | 1958 | 1958 | 1819 | 256761 | 77596 | 45108 | 32488 | 301869 | 841 | 103 | |
| 2 | समस्तीपुर | 20 | 1258 | 1148 | 1148 | 1146 | 1146 | 2 | 2 | 2 | 1148 | 1109 | 1123 | 86801 | 25245 | 15087 | 10158 | 101888 | 499 | 3 | |
| 3 | मधुबनी | 21 | 1115 | 1081 | 1081 | 1046 | 1053 | 28 | 28 | 0 | 1081 | 977 | 990 | 15023 | 3500 | 3340 | 160 | 18363 | 445 | 0 | |
| 4 | दरभंगा | 18 | 1314 | 1237 | 1237 | 1252 | 1237 | 0 | 0 | 1 | 1237 | 1237 | 1162 | 163785 | 41527 | 15327 | 26200 | 179112 | 463 | 2 | |
| 5 | सारण (छपरा) | 20 | 1807 | 1605 | 1605 | 1742 | 1604 | 0 | 0 | 144 | 1605 | 1605 | 1674 | 9360 | 10765 | 6019 | 4746 | 15379 | 333 | 45 | |
| 6 | सिवान | 19 | 1535 | 1449 | 1449 | 1448 | 1447 | 1 | 1 | 0 | 1449 | 1449 | 1408 | 45021 | 6475 | 4332 | 2143 | 49353 | 318 | 21 | |
| 7 | गोपालगंज | 14 | 1566 | 1471 | 1471 | 1490 | 1467 | 4 | 4 | 1 | 1471 | 1471 | 1377 | 2188 | 4351 | 3525 | 826 | 5713 | 324 | 26 | |
| 8 | भागलपुर | 16 | 1574 | 1385 | 1385 | 1391 | 1384 | 1 | 1 | 0 | 1385 | 1385 | 1134 | 35133 | 13889 | 7887 | 6002 | 43020 | 362 | 132 | |
| 9 | पू0 चम्पारण | 27 | 1346 | 1259 | 1259 | 1175 | 1221 | 34 | 34 | 0 | 1254 | 1254 | 1091 | 4680 | 13006 | 6231 | 6775 | 10911 | 125 | 1 | |
| 10 | पटना | 23 | 1511 | 1300 | 1300 | 1187 | 1224 | 81 | 81 | 5 | 1300 | 1251 | 972 | 22844 | 26528 | 6798 | 19730 | 29642 | 239 | 2 | |
| 11 | बक्सर | 11 | 1142 | 1105 | 1105 | 1097 | 1105 | 0 | 0 | 0 | 1105 | 1046 | 1072 | 5829 | 6364 | 2789 | 3575 | 8618 | 474 | 60 | |
| 12 | भोजपुर | 14 | 1205 | 1158 | 1158 | 1392 | 1144 | 14 | 14 | 260 | 1158 | 1158 | 1389 | 7977 | 7961 | 5886 | 2075 | 13863 | 670 | 2 | |
| 13 | कैमुर (भभुआ) | 11 | 1700 | 1680 | 1680 | 1669 | 1653 | 27 | 27 | 27 | 1680 | 1680 | 1553 | 18137 | 5139 | 663 | 4476 | 18800 | 646 | 88 | |
| 14 | गया | 24 | 2921 | 2820 | 2820 | 2623 | 2608 | 212 | 212 | 0 | 2820 | 2820 | 2549 | 146737 | 54676 | 22927 | 31749 | 169664 | 569 | 6 | |
| 15 | नवादा | 14 | 1099 | 1065 | 1065 | 1063 | 1065 | 0 | 0 | 0 | 1065 | 1049 | 960 | 79098 | 22660 | 4316 | 18344 | 83414 | 304 | 42 | |
| 16 | वैशाली | 16 | 1582 | 1503 | 1503 | 1495 | 1468 | 35 | 35 | 0 | 1503 | 1503 | 1314 | 22870 | 6986 | 6552 | 434 | 29422 | 660 | 206 | |
| 17 | औरंगाबाद | 11 | 1884 | 1846 | 1846 | 1762 | 1760 | 86 | 86 | 0 | 1846 | 1802 | 1657 | 20857 | 42843 | 27620 | 15223 | 48477 | 371 | 57 | |
| 18 | मुजफफपुर | 16 | 1827 | 1721 | 1721 | 1704 | 1703 | 18 | 18 | 0 | 1721 | 1237 | 1503 | 23959 | 13738 | 2565 | 11173 | 26524 | 790 | 74 | |
| TOTAL | | 314 | 28487 | 26791 | 26791 | 26608 | 26201 | 589 | 589 | 440 | 26786 | 25991 | 24747 | 967060 | 383249 | 186972 | 196277 | 1154032 | 8433 | 870 | |

उपरोक्त समीक्षा में पाया गया कि गोपालगंज में सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियों के विभिन्न प्रक्रमों की प्रगति सबसे कम है। जिलास्तरीय प्रगति की समीक्षा के क्रम में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों से बिहार सर्वे ट्रेकर के माध्यम से प्रगति की समीक्षा किए जाने के सम्बन्ध में पृच्छा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश बन्दोबस्त पदाधिकारी नियमित रूप से बिहार सर्वे ट्रेकर का अवलोकन नहीं किया जाता है और न ही बिहार सर्वे ट्रेकर के माध्यम से प्रगति की समीक्षा की जाती है। बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बिहार सर्वे ट्रेकर के यूजर आई0डी0 और पासवर्ड को भी स्पष्ट से बताया नहीं जा सका।

निदेशित किया गया कि सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बिहार सर्वे ट्रेकर का नियमित अवलोकन किया जाए और प्रगति के अनुरूप प्रत्येक प्रक्रम की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक शिविर स्तर पर की जाए। साथ ही गोपालगंज एवं पूर्वी चम्पारण के बन्दोबस्त पदाधिकारी से कारण पृच्छा की जाए।

समीक्षा के क्रम में जिला स्तरीय प्रतिवेदन एवं जिला स्तरीय समस्याओं के सम्बन्ध में उपस्थापित प्रतिवेदन निम्नवत है–

(i) बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि R2R सॉफ्टवेयर में अनेक ग्रामों का नाम प्रदर्शित नहीं होने अथवा नाम एवं थाना नं0 में त्रुटि आने के कारण समस्या आ रही है और इसी कारण जिला स्तरीय उद्घोषणा, R2R में सम्बद्धता एवं ग्राम सीमा कैलेण्डर से प्रगति सम्बन्धी आंकड़ों में विभिन्नता प्रदर्शित हो रही है।

(ii) मधुबनी, दरभंगा एवं कुछ अन्य जिलों द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत विभिन्न अंचलों के बाढ़ प्रभावित होने के कारण वहाँ के ग्रामों में ग्राम सभा करना संभव नहीं हो पा रहा है एवं वहाँ के ग्रामीणों द्वारा स्वघोषणा भी समर्पित नहीं की जा रही है।

(iii) वैशाली एवं रोहतास के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा जिलों में लिपिक की पदस्थापना तथा नवादा एवं सिवान द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

(iv) विभिन्न जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व में विशेष सर्वेक्षण अमीन के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए जो आवंटन उपलब्ध कराया गया था, उसके व्यय हेतु निर्धारित दर के अनुरूप भुगतान करने में कठिनाई हो रही है। अतः दर पर पुनविचार किए जाने की आवश्यकता है।

(v) बन्दोबस्त पदाधिकारी, दरभंगा एवं समस्तीपुर द्वारा कैथी लिपि के लिए निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के आलोक में अनुरोध किया गया कि प्रशिक्षण में दूर–दूर से विभिन्न अंचलों से आने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को प्रशिक्षण के क्रम में भोजन आदि की सुविधा देने के सम्बन्ध में निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है।

उपरोक्त जिलास्तरीय प्रतिवेदन एवं जिला स्तरीय प्रगति के आलोक में निम्नांकित निदेश दिए गए :–

(i) निदेशित किया गया कि जिला स्तर से सॉफ्टवेयर में छुटे हुए ग्रामों, राजस्व ग्राम का नाम में संशोधन अथवा अन्य त्रुटियों के सम्बन्ध में जो प्रतिवेदन उपलब्ध कराये गये है, उनके सम्बन्ध में प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर तथा शीघ्र आई0टी0 सेल को उपलब्ध करा दिये गये एवं आई0टी0 सेल द्वारा जिलास्तरीय प्रतिवेदन के आलोक में ग्राम संबंधी सभी त्रुटियों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि राज्य स्तर पर प्रक्रमवार प्रगति के लिए निर्धारित जिन बिन्दुओं की समीक्षा की गयी है, उनके अनुरूप जिला स्तर पर शिविरवार समीक्षा की जाए।

(iii) निदेशित किया गया कि निदेशालय स्तर से जिलावार पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिपिक एवं अन्य सभी कर्मियों की समीक्षा कर विभिन्न पदो के लिए जिलावार आवश्यकतानुसार प्रस्ताव दिया जाए।

(iv) निदेशित किया गया कि पूर्व में प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध कराये गये आवंटन के व्यय एवं प्रशिक्षण हेतु निर्धारित दर के अनुसार व्यय करने आने वाली कठिनाई के संबंध में जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त कर व्यय करने में आने वाली कठिनाईयों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

30/9

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13892 **पटना, दिनांकः** 30/09/2024

**प्रतिलिपिः** सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/9

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13892 **पटना, दिनांकः** 30/09/2024

**प्रतिलिपिः** सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, बिहार/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/9

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13892 **पटना, दिनांकः** 30/09/2024

**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/9

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13892 **पटना, दिनांकः** 30/09/2024

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0 को0–312 / 2018–Part-IV ......13892...... **पटना, दिनांक**: 30/09/2024

**प्रतिलिपि** : सुश्री सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/9

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0 को0–312 / 2018–Part-IV ......13892...... **पटना, दिनांक**: 30/09/2024

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/9

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0 को0–312 / 2018–Part-IV ......13892...... **पटना, दिनांक**: 30/09/2024

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/9

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप